अजीत समाचार 17/04/2024

छात्रों को लोकतंत्र के महत्व से अवगत करवाते हुए।

मतदाता पंजीकरण शिविर का सफल आयोजन

अम्बाला कैंट, 16 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज अम्बाला छावनी में प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कॉलेज के एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी, वूमेन सैल के संयुक्त तत्वाधान में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके मतदाताओं के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु बूथ स्तरीय अधिकारी निर्मला देवी ने कॉलेज में शिरकत की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को चुनाव में वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को लोकतंत्र के महत्व से रूबरू करवाया और उन्हें वोट देने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल ने बताया कि इस वोटर रजिस्ट्रेशन कैंप के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में भागीदारी का महत्व समझाने और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थीगण अपने नागरिक कर्तव्य के प्रति जागरूक हो सके। इस अवसर पर उपेंद्र कौर, राम मूर्ति, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. धर्मवीर सैनी, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. मीनू राठी मौजूद रहे।